वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाना

1011. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार समय-समय पर वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को राज्य सरकारों तथा राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर हटाने की कार्यवाही करती है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान, राज्यवार कितनी कितनी वन भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) वन भूमि पर अवैध कब्जों को भारतीय वन अधिनियम, 1927 तथा राज्य सरकारों द्वारा बनाए गए ऐसे ही वन अधिनियमों तथा संबंधित राज्य भू-राजस्व अधिनियमों के तहत खाली कराया जाता है।

वन भूमि पर अवैध कब्जों संबंधी विवरण संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में डिवीजन स्तर पर रखा जाता है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार

1012. **श्री ईशदत्त यादव** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालयों में भ्रष्टाचार एवं कदाचार व्याप्त है ;

(ख) क्या इस संबंध में केन्द्रीय सरकार ने अपने स्तर पर कोई कार्यवाही की है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं ;

(घ) उत्तर प्रदेश में व्याप्त प्रदूषण का ठीक प्रकार से निदान न किये जाने के संबंध में संसद-सदस्यों से कितने पत्र प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) इस संबंध में की गई जांच के क्या परिणाम निकले हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनाचार से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई है। चूंकि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन कार्य कर रहे हैं, अत: केन्द्र सरकार ने उस शिकायत को आवश्यक कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश शासन को अग्रेषित कर दिया है।

(घ) और (ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रदूषण निवारण के संबंध में संसद-सदस्यों से 28 पत्र प्राप्त हुए हैं। इन मामलों की जांच के लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास भेजा गया था। प्रत्येक मामले में, उचित कार्रवाई की गई थी और माननीय सदस्यों को अंतिम उत्तर भेजे गए थे।

प्रदूषण को रोकने हेतु उद्योगों की स्थापना के लिए स्थानों का निर्धारण

1013. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने प्रदूषण को रोकने हेतु उद्योगों की स्थापना के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं और पर्यावरण के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे उद्योगों का स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में जारी किए गए दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) कतिपय श्रेणी के उद्योगों की स्थापना के लिए कुछ क्षेत्रों